भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2250

12 मार्च, 2025 के लिए प्रश्न

चीनी मिल का पुन: प्रारंभ होना

2250. एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी:

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नंदुरबार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत शिरपुर तालुका के दहीवाड़ में स्थित शिरपुर शेतकरी शहरी चीनी मिल के प्रचालन को पुनः प्रारंभ करने में विलंब के क्या कारण हैं, जो कई महीनों से बंद पड़ी है, जबकि इसे 2024 में चालू करने का वादा किया गया था और बार-बार अभ्यावेदन दिए जाने के बावजूद प्रचालन शुरू न करने में विफलता के लिए कोई उचित स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है;

(ख) उक्त मिल को कब तक चालू किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या मिल को पट्टे पर देने की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार उक्त मिल के प्रचालन को पुनः शुरू करने के लिए कोई अतिरिक्त कदम उठा रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री

(श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया)

(क): महाराष्ट्र सरकार ने सूचित किया है कि चीनी कारखाने ने जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, धुले से ऋण सुविधा प्राप्त की थी, लेकिन ऋण चुकाने में विफल रहा और वर्ष 2012-13 से निष्क्रिय हो गया क्योंकि ऋण वितरित करने वाले बैंक ने उनके संयंत्र और मशीनरी सहित चीनी कारखाने की संपत्ति कुर्क कर ली।

कारखाने को चालू करने के लिए, चीनी कारखाने की आम सभा द्वारा दिनांक 09.05.2022 को एक प्रस्ताव पारित किया गया और उसके बाद, संयंत्र और मशीनरी सहित संपत्ति को पट्टे पर देने के लिए विभिन्न आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी की गईं।

(ख), (ग) और (घ): जैसा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा सूचित किया गया है, प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्रीय रजिस्ट्रार को भेजा गया है और पट्टे के माध्यम से पेराई मौसम 2025-26 के दौरान इसके चालू होने की संभावना है।

****